## संपादकीय

# दोहरी चुनौती

पहले ही कोरोना की मार से बुरी तरह प्रभावित केरल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां तेजी से कोरोना संक्रमण हुआ है। प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या पूरे देश के कुल आंकड़ों के आधे से अधिक है। दरअसल, पिछले माह त्योहारों के दौरान कोरोना पाबांदियों में छूट दिये जाने के बाद कोरोना संक्रमण के मामलों में अप्रत्याशित तेजी आई है। हालांकि, केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों की अवहेलना की थी, जिसमें कोरोना कर्फ्यू में तीन दिन की छूट न देने को कहा गया था। कभी पूरे देश में कोरोना नियंत्रण की मिसाल बने केरल में फिर कोरोना संकट भयावह हो गया। दरअसल, केरल अब दोहरे संकट में घिरा है। केरल के कोझिकोड में खतरनाक निपाह वायरस के चपेट में आने से एक बारह वर्षीय लड़के की मौत हुई है। ऐसे में कोरोना संकट से मुक्त होने की जद्दोजहद में जुटे केरल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह एक ऐसी आपदा की दस्तक है, जिसका दुनिया में कोई इलाज मौजूद नहीं है और जिसमें मृत्यु दर बेहद अधिक है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि संकट की आहट पाते ही केंद्रीय विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल केरल पहुंचकर समन्वय स्थापित कर रहा है। वहीं राज्य सरकार आपातकालीन उपायों के तहत मरीज के संपर्कों की तलाश, सचेत करने तथा पृथकवास में तेजी दिखा रही है। किशोर के संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान की गई है, उनके घरों के आसपास सतर्कता बढ़ायी गई है। चिंता की बात यह है कि निपाह वायरस से संक्रमितों में मृत्युदर सत्तर फीसदी है और इसकी कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ इसके प्रसार को शुरुआती दौर पर ही रोका जाना चाहिए, ताकि यह फिर महामारी का रूप ग्रहण न कर सके।

बीते वर्षों में केरल सरकार इस वायरस को स्थानीय स्तर पर ही रोक पाने में सफल हुई थी। ऐसे में समय रहते इसके संक्रमण को रोकने के लिये सतर्कता ही कारगर उपचार है। वर्ष 2019 में राज्य ने समय रहते इस वायरस पर काबू पाया था। दरअसल, पहले रोगी के लक्षणों का निदान जरूरी होता है और फिर संक्रमण नियंत्रण के प्रोटोकॉल को लागू करना। निस्संदेह, पिछले अनुभव का लाभ केरल सरकार के लिये मददगार साबित होगा। वर्ष 2018 में राज्य में सामने आये निपाह वायरस के 18 मामलों में सत्रह लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने भविष्य की चुनौतियों के लिये बीते अनुभव के आधार पर रणनीति तैयार की। वैसे तो कोविड-19 की चुनौती से जूझ रहे केरल में मास्क पहनने, सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ ही संक्रामक महामारी के निवारक उपायों के प्रति व्यापक जागरूकता आई है। केरल से लगे राज्यों की सीमाओं को सील करने की जरूरत है, इस दिशा में तमिलनाडु में खासी सतर्कता बरती जा रही है। निस्संदेह अन्य राज्यों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जिन दो लोगों में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनकी व्यापक देख-रेख की जरूरत है। वैसे नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की टीम राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग को तकनीकी सहयोग उपलब्ध करा रही है, फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं राज्य सरकार भी संक्रमण से मरे किशोर के संपर्क में आये लोगों पर व्यापक निगरानी रखे हुए है। जिन दो लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं, वे किशोर के संपर्क में आये उन बीस लोगों में शामिल थे, जो जोखिम वाली स्थिति में माने जा रहे थे। दरअसल, मलेशिया में 1998 में निपाह नामक जगह में मिलने वाले वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन तेजी से उभरते वायरस के रूप में देखता है। जिसके वाहक के रूप में चमगादड़ व सुअरों को माना जाता रहा है। बाद में इसके इंसान से इंसान में फैलने का मामला प्रकाश में आया। जिसमें लोग तेज बुखार के बाद सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी तथा जानलेवा इंसेफ्लाइटिस के शिकार बने। जिसमें दिमाग को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है।

# पूरी भारतीय टीम नेगेटिव, पांचवें टेस्ट से संकट का कोहरा छंटा



**मैनचेस्टर।** भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट की पूर्वसंध्या पर एक और सपोर्ट स्टाफ के कोरोना से संक्रमित होने से गहरा झटका लगा है। लेकिन पूरी भारतीय टीम के टेस्ट परिणाम नेगेटिव आने से मैच पर छाये संकट के बादल छंट गए हैं। भारत पांच मैचों की सीरीज में चौथा मैच जीतने के बाद से 2-1 से आगे है भारतीय टीम के दूसरे फिजियो योगेश परमार के कोरोना से संक्रमित होने का परिणाम गुरूवार को पता चला जिसके बाद भारतीय टीम ने अपना प्रस्तावित ट्रैनिंग सत्र रद्द कर दिया। भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री लीड्स में चौथे टेस्ट के दौरान पॉजिटिव पाए गए थे। तब शास्त्री के साथ साथ गेंदबाजी कोच भरत अरुण, फील्डिंग कोच आर श्रीधर और फिजियो नितिन पटेल को तत्काल प्रभाव से एहतियातन आइसोलेशन में डाल दिया गया था।

भारतीय खेमे में ताजा कोविड मामले ने दोनों देशों के बीच पांचवें और अंतिम टेस्ट का भाग्य अधर में लटका दिया था । दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड इस मुद्दे पर बातचीत में लगे हैं कि इस मैच के साथ आगे बढ़ा जाए या नहीं।

दोनों बोर्ड जहां बातचीत में लगे हैं वहीं समझा जाता है कि भारतीय खिलाड़ी ताजा टेस्टिंग से गुजरेंगे जिसका परिणाम ही टेस्ट के भाग्य का फैसला तय करेगा। यदि ज्यादा पॉजिटिव मामले आते हैं तो टेस्ट खतरे में रहेगा। ज्यादा मामले पॉजिटिव आने से इंडियन प्रीमियर लीग का भाग्य भी खतरे में पड़ सकता है जिसे 19 सितम्बर से यूएई में शुरू होना है। दोनों देशों के अधिकतर खिलाड़ी 15 सितम्बर को टेस्ट मैच समाप्त होने के बाद से मैनचेस्टर से दुबई के लिए चार्टर्ड उड़ान पकड़ेंगे ताकि यूएई में अपनी अपनी सम्बंधित आईपीएल टीमों से जुड़ सकें।

रिकॉर्ड के हिसाब से भारतीय टीम के दूसरे फिजियो और मेडिकल टीम के सदस्य योगेश परमार कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं जिससे सभी सम्बंधित लोगों में भय और आशंका उत्पन्न हो गयी है। फिजियो और मेडिकल टीम का हिस्सा होने के नाते परमार को मैदान पर ज्यादा आना पड़ता है और यह तब जब मुख्य फिजियो नितिन पटेल को चौथे टेस्ट के दौरान शास्त्री के साथ आइसोलेट कर दिया गया था। पटेल को हालांकि क्लीन चिट मिल गयी है और वह टीम के साथ मैनचेस्टर गए है।

फैसले को लेकर दोनों बोर्ड़ों ने चुप्पी साध रखी है। समझा होता है कि परमार के पॉजिटिव आने के बाद भारतीय टीम का लेटरल फ्लो टेस्ट कराया गया है और सभी को क्लीन चिट मिल गयी है लेकिन इस टेस्ट को आरटी-पीसीआर टेस्ट जितना विश्वसनीय नहीं माना जाता है और आरटी पीसीआर टेस्ट के परिणाम का अभी इन्तजार है। अब पूरी भारतीय टीम का आरटी-पीसीआर टेस्ट के परिणाम मेगटिव आये हैं जिससे मैच पर छाया अनिश्चितता का कोहरा छंट सा गया है।

## लॉन्च हुई रियलमी की पहली टैबलेट रियलमी पैड, कीमत 13999



**नईदिल्ली** । स्मार्टफोन निर्माता कंपनी रियलमी ने आज अपनी पहली टैबलेट रियलमी पैड लॉन्च की, जिसकी शुरुआती कीमत 13999 रुपये है। रियलमी के उपाध्यक्ष माधव सेठ ने रियलमी पैड की लॉन्चिंग पर कहा कि 440 ग्राम वजन और 6.9 मिलीमीटर पतली टैबलेट में ओक्टाकोर मीडियाटेक हेलियो जी80 गेमिंग प्रोसेसर लगा है। उन्होंने बताया कि इसकी स्क्रीन 10.4 इंच की है और स्क्रीन का रिजॉल्यूशन 2000 गुना 1200 पिक्सल है। श्री सेठ ने बताया कि इसमें 7100 एमएएच की बैट्री है, जो स्टैंडबाय में 65 दिन का बैकअप दे सकती है। साथ ही एक बार चार्ज करने पर 12 घंटे तक लगातार वीडियो देखी जा सकती है। इसका 18 वाट का चिक चार्जर बैट्री को जल्दी चार्ज कर देता है। एंड्रॉयड 11 ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) आधारित इस टैब में आठ मेगापिक्सल का वाइड ऐंगल फंट कैमरा दिया गया है। रियलमी पैड रियल ग्रे और रियल गोल्ड रंग के साथ उपलब्ध है। स्टोरेज के लिहाज से इसे तीन वेरियेंट में पेश किया गया है।

## घाटे से परेशान होकर फोर्ड ने भारत में वाहन विनिर्माण बंद किया



**नईदिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी फोर्ड ने भारतीय बाजार में हो रहे घाटे से परेशान होकर अपने परिचालन को पुनगर्ठित करने की योजना के तहत घरेलू बाजार में बिक्री के लिए देश में वाहन निर्माण तत्काल बंद करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले 10 वर्षों में दो अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है और वर्ष 2019 में 80 करोड़ डॉलर के गैर परिचालन वाले संपत्ति हटाई गई थी। इस पुनर्गठन योजना से भारत में एक टिकाउ लाभकारी बिजनेस तैयार करने में मदद मिलने की उम्मीद है। उसने कहा कि उसकी भारतीय इकाई फोर्ड इंडिया घरेलू बाजार में बिक्री के लिए वाहन निर्माण तत्काल बंद कर रही है। चालू वर्ष की चौथी तिमाही में गुजरात के सांणद स्थित वाहन असेंबली संयंत्र में निर्यात वाले वाहनों का विनिर्माण भी बंद हो जायेगा।

इसी तरह से चेन्नई स्थित इंजन और असेंबली संयंत्र में भी अगले वर्ष की दूसरी तिमाही में उत्पादन बंद हो जायेगा। उसने कहा कि उसकी इस पहल से सीधे प्रभावित होने वाले कर्मचारियों, कर्मचारी संघो, डीलरों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ वह इस दिशा में काम रही है।

इस अमेरिकी वाहन कंपनी ने कहा कि उसने भारतीय ग्राहकों की सेवा करने की योजना बनायी है जिसके तहत वह भारत में मुस्ताग कूपे सहित आइकॉनिक वाहनों को लॉन्च करेगी। उसने कहा कि वैश्विक बाजार में उसकी 30 अरब डॉलर निवेश करने की योजना का लाभ दीर्घकाल में भारतीय ग्राहकों को भी होगा क्योंकि इसके तहत नयी हाइब्रिड और मुस्ताग मैक ई जैसे इलेक्ट्रिक वाहन उतारे जायेंगे।

उसने कहा कि भारत फोर्ड के लिए कर्मचारियों के लिहाज से वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा कार्यबल वाला देश बना रहेगा। उसने कहा कि फोर्ड बिजनेस सोल्यूशंस के साथ ही फोर्ड इंडिया निर्यात के लिए इंजन का निर्माण जारी रखेगी। इसके साथ ही भारत में ग्राहक सपोर्ट परिचालन को भी जारी रखा जायेगा जिसमें सर्विस, आफ्टरमार्केट पार्ट्स और वारंटी सपोर्ट शामिल है।

कंपनी ने कहा कि भारत में उसकी योजना फोर्ड बिजनेस सोल्यूशंस को बढ़ाना और वैश्विक वाहनों को भारतीय बाजार में बेचने की है। वैश्विक स्तर पर फोर्ड के सहयोग के लिए भारत में कंपनी की योजना 11 हजार कर्मचारियों का बिजनेस सोल्यूशंस टीम बनाने की है।

## पीछले सीजन के मुकाबले चीनी निर्यात 11 लाख टन बढ़ा

**नईदिल्ली** । देश से चालू सीजन में चीनी का निर्यात पिछले सीजन के 55.78 लाख टन के मुकाबले करीब 11 लाख टन बढ़कर 66.70 लाख टन हो गया है। भारतीय चीनी मिलों के संघ इस्मा गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि बाजार और बंदरगाहों से प्राप्त सूचना के आधार पर चालू चीनी सीजन (01 अक्टूबर 2020 से 31 अगस्त 2021) यानी इन ग्यारह महीनों में देश से 66.70 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है, जो इसके पिछले सीजन के 55.78 लाख टन से लगभग 11 लाख टन अधिक है। इस आंकड़े में चीनी सीजन 2019-20 में निर्यात के लिए स्वीकार्य अधिकतम कोटा (एमएईक्यू) के तहत 4.49 लाख टन चीनी भी शामिल है, जिसकी अवधि का विस्तार 31 दिसंबर 2020 तक कर दिया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 की जनवरी से लेकर अगस्त तक 62.21 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है, जिनमें से अधिकांश चीनी सीजन 2020-21 में एमएईक्यू के तहत शामिल है। इस वर्ष 06 सितंबर तक निर्यात के लिए 2.29 लाख टन चीनी बंदरगाहों तक पहुंच चुके हैं, जिनको या तो जहाजो पर लाद दिया गया अथवा अगली जहाज आने के इंतजार में गोदामों में रख दिया गया है। यानी चालू चीनी सीजन में मात्र 20 दिन बचे हैं और चीनी का कुल निर्यात 70 लाख टन के पार पहुंचने की उम्मीद है।

## पेरिस में पदक का रंग बदलना चाहते हैं बजरंग पूनिया



**नईदिल्ली** । टोक्यो ओलंम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान बजरंग पूनिया अब 2024 में होने वाले अगले पेरिस ओलंम्पिक में पदक का रंग बेहतर करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हालांकि वह स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बनना चाहते हैं लेकिन उनकी दिली इच्छा है कि पत्नी संगीता फोगाट पूनिया भी ओलंम्पिक में पदक जीते। ओलंम्पिक से पहले कोरोना काल के चलते वह द्रोणाचार्य महाबीर फोगाट की पहलवान बिटिया संगीता फोगाट के साथ विवाह बंधन में बंध गए थे। संगीता कुछ दिनों तक कुश्ती से दूर रहने के बाद अखाड़े में फिर से लौट आई है और पति का मनोबल बढ़ाने के साथ साथ खुद भी गंभीर तैयारी में जुट गई हैं ।

गुरूवार को यहां खेल परिधान बनाने वाली कंपनी एसिक्स इंडिया के ब्रांड एम्बेसडर बने बजरंग ने बताया कि टोक्यो ओलंम्पिक की चूक को उन्हें हमेशा मलाल रहेगा। चोट के चलते वह देशवासियों को सोने का पदक नहीं दे पाये , लेकिन पेरिस खेलों में वह इसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे । उनके साथ एसिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रजत खुराना भी मौजूद थे।

भारत के लिए एकमात्र ओलम्पिक स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा को बजरंग ने अभूतपूर्व खिलाड़ी बताया और कहा कि यदि कोई खिलाड़ी नीरज की तरह फिट होता है तो वह कुछ भी कर सकता है, जैसा नीरज ने किया। उसके अनुसार यदि ओलंम्पिक 2020 में संभव हो पाता तो नीरज शायद स्वर्ण नहीं जीत पाता क्योंकि तब वह चोट के कारण अस्वस्थ थे । हो सकता है कि महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकाम एकऔर पदक जीत जातीं। कोरोना के चलते खेलों का एक साल देरी से संभव हो पाना बढ़ती उम्र वाले खिलाड़ियों के लिए कठिन अनुभव साबित हुआ।

## आज का राशिफल

मेष : अगर लक्ष्मीजी की कृपा हुई तो आर्थिक योजनाएं सफल होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। अधिक लोगों के साथ आज संपर्क बना रहेगा।

वृषभ : वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता से अन्य लोगों को प्रभावित कर पाएँगे और साथ-साथ उनके साथ संबंधो में भी संवादिता रख पाएंगे।

मिथुनः अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालिएगा।

कर्क : किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आप को हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। प्रतिस्पर्धी पर विजय प्राप्त होगी। संबंधों में भावनाओ की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे।

सिंह : विभिन्न योजनाओं के विषय में अधिक विचार आप को दुविधा में लाकर खड़ा कर देंगे। दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ सम्बंधों में दृढता आएगी, जो कि आगे चलकर लाभदायी रहेगा।

कन्या : आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। लक्ष्मीदेवी की कृपा आप पर बनी रहेगी।

तुला : क्रोध पर संयम रखिएगा। संभव हो तो वाद-विवाद से दूर रहिएगा। परिवारजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए लाभदायी और शुभफल प्राप्त करनेवाला सिद्ध होगा। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह का योग है।

धनु : आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज आप आर्थिक मामलों में उचित योजना बना सकेगें। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रय करेंगे।

मकरः आज का आपका दिन मध्यम फलदायी रहेगा। आज लेखन प्रवृत्ति या साहित्य से जुड़ी कोई भी प्रवृत्ति अच्छी तरह से निभा पाएंगे।

कुंभः आज आपको निषेधात्मक कार्य तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सूचना देते हैं। आज आप को अधिक ही विचार सताएंगे।

मीनः आज के दिन मनोरंजन और आनंद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार आदि को अपनी प्रतिभा प्रकट करने का अवसर मिलेगा।

## भूल भुलैया 2 के बाद अनीस बाज्मी के साथ फिर काम कर सकते हैं कार्तिक आर्यन




अभिनेता कार्तिक आर्यन के पास इन दिनों फिल्मों की कमी नहीं है। वह एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। खास बात यह है कि इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी अनीस बाज्मी ही संभाल रहे हैं। बाज्मी ने हाल ही में अपनी नई फिल्म को लेकर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने इस बारे में क्या कुछ कहा, आइए जानते हैं।

बाज्मी ने बताया, हां, मैंने लॉकडाउन के दौरान एक लव स्टोरी लिखी है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि मैं कॉमेडी छोड़ रहा हूं। मैं ऐसा क्यों करूंगा? डेविड धवन जी ने कहा था, किसी कार का बोनट और बंपर तब तक क्यों खोलना, अगर वो आराम से चल रही है? उन्होंने कहा, लोगों को हंसाना खासतौर से इस मुश्किल समय में अपने आप में एक कला है। फिर मैं क्यों कॉमेडी फिल्में बनाना छोड़ूंगा?

रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी इस रोमांटिक फिल्म में बाज्मी, कार्तिक को कास्ट करने वाले हैं। उन्होंने इसे लेकर कार्तिक से बातचीत भी की है। दरअसल, भूल भुलैया 2 में कार्तिक के काम से बाज्मी काफी प्रभावित हो गए हैं और वह फिर उनके साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, बाज्मी ने अभी इस खबर की पुष्टि नहीं की है। हो सकता है कि वह जल्द ही कार्तिक के साथ अपनी इस फिल्म की घोषणा करें।

## दीपिका पादुकोण हॉलीवुड में करेंगी धमाल, हाथ लगी नई फिल्म



बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण एक लंबे समय से पर्दे पर धमाल कर रही हैं. दीपिका के फैंस उनकी हर एक फिल्म को जमकर पसंद करते हैं. दीपिका अपनी एक्टिंग का लोहा बॉलीवुड ही नहीं हॉलीवुड में मनवा चुकी हैं. अब दीपिका के हाथ एक और हॉलीवुड फिल्म लग गई है,

जी हां खबर के अनुसार ट्रिपल एक्सः रिटर्न ऑफ जेंडर केज' के बाद एक्ट्रेस को एक और हॉलीवुड फिल्म मिल गई है. वैसे बता दें कि ट्रिपल एक्सः रिटर्न ऑफ जेंडर केज 2017 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में दीपिका के काम को उनके चाहने वालों ने काफी पसंद किया था. खबर के अनुसार दीपिका पादुकोण एक और हॉलीवुड फिल्म में काम करने के लिए तैयार हैं.

## बारिश में पकौड़ों के साथ महुआ के पुए



महुआ में लौह तत्व की प्रचुरता होने के साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने का भी गुण हैं, तो इसका सेवन मधुमेह में बहुत फायदेमंद है। बारिश में महुए के बने पुए का लुत्फ उठाएं।

### सामग्री :

250 ग्राम महुआ, 400 ग्राम आटा, 1 कप दूध, तलने के लिए देसी घी या सरसों का तेल

### विधि :

- महुआ को अच्छी तरह धोकर साफ करें।

- आधा लीटर पानी में डालकर महुआ को तब तक पकाएं, जब तक कि पानी न सूख जाए। ठंडा होने पर इसे सिलबट्टे पर पीस लें। अब इसमें आटा मिलाएं और धीरे-धीरे दूध से मालुपुए का घोल बना लें।

- ध्यान रखें कि इसका घोल न तो बहुत पतला हो और न ही बहुत ज्यादा गाढ़ा। इसके घोल में गांठ न पड़ें, इसका ध्यान रखें। इसमें प्राकृतिक मिठास होती है तो अलग से चीनी या गुड़ न मिलाएं।

- अब गैस पर कड़ाही में तलने के लिए घी या तेल गर्म करें। मध्यम ही गर्म रखें और एक बड़े चम्मच की सहायता से घोल डालें। आंच को मीडियम रखें और पलट पलटकर एक-एक कर सभी पूएं तल लें। आप इसे गर्मागर्म भी बारिश की फुहारों में मजा ले सकते हैं और एक दो दिन अन्य पकवान की तरह ठंडा भी खा सकते हैं।

महुए को प्रेशर कुकर में भी उबाल सकते हैं और मिक्सी में भी पीस सकते हैं, लेकिन इससे वह स्वाद नहीं आएगा, जो धीमी आंच पर उबालकर और सिलबट्टे पर पीसकर आता है। बेहतर स्वाद के लिए इन्हें लोहे या पीतल की कड़ाही में तलें।

## शब्द सामर्थ्य- 197

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | ■ | 10 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 197

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |